संशोधित प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला- ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

पंतनगर को टीवी १०० का एजुकेशन एक्सीलेन्स अवार्ड मिला

पंतनगर। २९ मई, २०१८। पंतनगर विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रो. ए.के. मिश्रा, को आज टीवी १०० द्वारा दिये जाने **वाले 'टीवी १०० एजुकेशन एक्सीलेन्स अवार्ड-२०१८'** से सम्मानित किया गया। नई दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब में आयोजित उत्तराखंड एवं उत्तर प्रदेश के लोकप्रिय हिंदी न्यूज चैनल टीवी १०० के तीसरे एजूकेशन एक्सीलेंस अवार्ड समारोह में केंद्र सरकार के श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), श्री संतोष गंगवार, ने मुख्य अतिथि के रूप में यह अवार्ड कुलपति को प्रदान किया। पंतनगर विश्वविद्यालय को यह सम्मान सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय होने के नाते प्रदान किया गया। इसके अलावा इस कार्यक्रम में उत्तराखंड एवं उत्तर प्रदेश के विविध संस्थानों को उनकी विशेषता के आधार पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में बीजेपी राष्ट्रीय महासचिव, श्री श्याम जाजू; अति विशिष्ट अतिथि के रूप में दिल्ली बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रख्यात भोजपुरी अभिनेता, श्री मनोज तिवारी, एवं उत्तराखंड सरकार के कृषि शिक्षा मंत्री, सुबोध उनियाल, उपस्थिति रहे। टीवी १०० के एडिटर इन चीफ, श्री कुलीन गुप्ता, ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। शिक्षा जगत के इस सम्मान समारोह में पंतनगर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मिश्रा सपत्नीक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में युवा उद्यमी एवं समाजसेवी, अभिषेक अग्रवाल एवं टीवी १०० के उत्तराखंड प्रमुख टीम, शाहीन चौधरी भी उपस्थित रहे।

पंतनगर विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रो. ए.के. मिश्रा, को टीवी १०० एजुकेशन एक्सीलेंस अवार्ड-२०१८ प्रदान करते केन्द्र सरकार के श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), श्री संतोष गंगवार।